C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
13.01.2017
माघ कृष्ण 1
पृष्ठ 8, मुल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com



7 | ...जब ट्विटर पर उड़ी ब्रिटनी स्पीयर्स की मौत की अफवाह



6 | बार-बार पैदा नहीं होता धोनी जैसा कप्तान- पाक

» वर्ष-1 » अंक-04 »

## सामाजिक न्याय संघ ने की मदद, दिलाया न्याय


# असहाय महिला हूं मदद की जाए-गुरुबारी बाई

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।**

सामाजिक न्याय संघ के समक्ष प्रस्तुत होकर दिए अपने लिखित आवेदन में बताया कि उनका नाम गुरुबारी बाई है, और वे स्व. दाउदास उर्फ खीकदास महन्त की पत्नी है, तथा वे छोटे कटेकोनी, थाना डभरा, जिला जॉजगीर चाम्पा, छ.ग. की निवासी हैं। उन्होने कहा कि मेरे पति स्व दाउदास उर्फ खीकदास महन्त अपने जीवनकाल में वी.के.अग्रवाज एण्ड कम्पनी (प्रा0) लिमिटेड में सिविल फोरमेन के पद पर 1986 से 2008 तक कार्यरत थें। कम्पनी में कार्य करने के दौरान उनकी विभिन्न जगह पर - जैसे देहरादून, मसूरी, दिल्ली, रुद्रपुर हरियाणा, स्थानांतरण भी हुआ था। विदित हों कि कम्पनी में कार्य के दौरान मेरे पति के साथ और भी बहुत से लोग कार्यरत् थें, जैसे दिनेश रावत जो कि स्टोर कीपर एवं एकाउंटेट थें, और फर्जीलाल नामक व्यक्ति जो कि ऑफिस ब्वाय थे।



अपने आवेदन में पीड़ित महिला ने कहा कि मेरे पति का देहावसान 07/04/2010 को हो गया, जिसके बाद से आज तक मुझे मेरे पति की उक्त रकम जो कि लगभग पीएफ 2,0,2000/- दो लाख रुपये, बोनस 2,00,000/- दो लाख एवं मैच्यूरिटि 1,00,000/- एक लाख रुपये,, कुल 5,02,000/- पॉच लाख दो हजार रुपये है, मुझे प्रदान नहीं की जा रही है, जिससे मैं बेहद परेशान हूं। अपने आवेदन में कहा कि मैं अपने पति को मिलने वाली रकम को लेने के लिए मैं गई थी मैने सुरेश नेगी से मुलाकात की थीं, जो कि उक्त कम्पनी में एकाउंटेंट के पद



प्रति,
पुलिस अधीक्षक,
जिला नोएडा (उत्तर प्रदेश)

विषय :- आवेदिका गुरूवारी बाई महंत निवासी छोटेकटेकोनी थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तुत शिकायत के संबंध में।
संदर्भ :- पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर का पत्र क्र. मनि/बिला/सीसी/सीजे/80/16 एम 2070 ए दिनांक 30.05.16
---00---
विषयांकित संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि आवेदिका गुरूवारी बाई महंत का शिकायत पत्र पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त होने पर शिकायत पत्र की जांच थाना प्रभारी डभरा से कराई गई। पाया गया कि शिकायत का घटना क्षेत्र बी.के. अग्रवाल एंड कंपनी ई-ग्राउण्ड फ्लोर सेक्टर-03 नोएडा उत्तर प्रदेश का है जो आपके अधिकार क्षेत्र में आता है।
अतः मूल शिकायत पत्र संलग्न कर आपकी ओर भेजी जा रही है शिकायत की जांच करवाकर सीधे पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर छत्तीसगढ़ को अवगत कराने का कष्ट करे।
संलग्न :- 1. मूल शिकायत पत्र।
2. थाना प्रभारी डभरा का जांच प्रतिवेदन।
3. कथन की छायाप्रति।
पुलिस अधीक्षक
जांजगीर चाम्पा
प्रतिलिपि :-

पर कार्यरत थें, तब, उन्होने मुझसे एक फार्म भरवाया और कहा था कि आपके पति को मिलने वाली उक्त रकम आपके एकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगी, लेकिन आज दिनांक तक मुझे मेरे पति का उक्त हक की रकम प्राप्त नहीं हुई है, मुझे लगता है कि उक्त रकम का फर्जी आहरण किया जा चुका है, अतः कम्पनी से इस सम्बंध में जानकारी तलब की जावे और न्यायोचित कार्यवाही कराई जावे। अपने आवेदन में कहा कि मैं बेहद गरीब महिला हूं, उम्र के कारण मेरे काम करने की शक्ति भी क्षीण हो रही है, बीमार रहती हूं, मुझे उक्त रकम की बेहद आवश्यकता है, कृपया त्वरित कार्यवाही कराते हुए मुझे न्याय प्रदान कराने का कष्ट करें। जिसपर सामाजिक न्याय संघ ने तत्काल कार्यवाही कराई और राज्यपाल महोदय, छ.ग., मुख्यमंत्री छ.ग., डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस छ.ग., पुलिस महानिरीक्षक छ.ग., मुख्यमंत्री केजरीवाल नई दिल्ली एवं मनीष सिसोदिया डिप्टी सी.एम.,नई दिल्ली, को अवगत कराया। जिसपर कार्यवाही हुई और वी.के.अग्रवाल एण्ड कम्पनी ने पीड़ित के मुआमले पर रकम प्रदान किए जाने के लिए उनको बुलाया है, जिससे कि पीड़ित परिवार बेहद खुश है। इस हेतु सामाजिक न्याय संघ की भी सर्वत्र प्रशंसा हुई है।

## खबर खास

### पुतिन ने राष्ट्रपति चुनाव प्रभावित करने का आदेश दिया था: अमेरिकी खूफिया विभाग



अमेरिकी खुफिया समुदाय ने अपनी एक नई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने व्हाइट हाउस की दौड़ में जीत हासिल करने में डोनाल्ड ट्रंप की मदद करने के लिए और उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन को बदनाम करने के लिए एक अभियान चलाने का आदेश दिया था। इसके पीछे का मूल उद्देश्य अमेरिकी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता के विश्वास को कमजोर करना था।

### हैकिंग के लिए रूस को जिम्मेदार नहीं मानते डोनाल्ड ट्रंप



अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनावों में साइबर हस्तक्षेप को लेकर रूस को जिम्मेदार मानने से इनकार किया और कहा कि उन्हें विश्वास है कि चुनाव के परिणाम हैकिंग से प्रभावित नहीं हुए।

### अमेरिका में फोर्ट लाउडेरडाले हॉलीवुड हवाईअड्डे पर गोलीबारी में पांच लोग मारे गए, आठ घायल



अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित फोर्ट लाउडेरडाले हॉलीवुड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक बंदूकधारी की गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हुए हैं। इस तरह की घटना ने एक बार फिर देश को हिलाकर रख दिया है। संदिग्ध की पहचान 26 वर्षीय एस्टेबन सैंटियागो के रूप में हुई है, जिसे हिरासत में ले लिया गया है। हमले के पीछे उसकी मंशा का तत्काल पता नहीं लग पाया है।

### पाकिस्तान ने 'भारतीय हस्तक्षेप' पर यूएन चीफ को सौंपा डोजियर



पाकिस्तान ने अपने यहां भारत के कथित 'हस्तक्षेप' को लेकर संयुक्त राष्ट्र के नए महासचिव अंतोनियो गुटेरेज को एक डोजियर सौंपा और विश्व निकाय से कहा कि वह भारत पर ऐसी गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर रोक लगाने में भूमिका निभाए। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

### संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ नेपाल में विरोध प्रदर्शन



सीपीएन यूएमएल के नेतृत्व वाले नेपाल के मुख्य विपक्षी गठबंधन ने सरकार पर संविधान संशोधन विधेयक को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए आज राजधानी में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए। इस विधेयक का उद्देश्य आंदोलनरत मधेसी पार्टियों की मांगों का समाधान करना है।

### भारत की अग्नि-4 एवं 5 मिसाइल से बौखलाया चीन, अब पाकिस्तान की करेगा मदद




भारत की अग्नि-4 एवं अग्नि-5 मिसाइल से चीन बौखला गया है। चीन की सरकारी मीडिया ने अग्नि-4 एवं 5 मिसाइलों के परीक्षण पर भारत की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत ने परमाणु हथियारों एवं लंबी दूरी की मिसाइलों पर संयुक्त की ओर से लगाई गईं सीमाएं 'तोड़ी' हैं और पाकिस्तान को भी इसी तरह का 'विशेषाधिकार' मिलना चाहिए। अग्नि चार एवं पांच मिसाइलों की जद में चीनी मुख्यभूमि भी आती है।

### डायना के हस्तलिखित खतों ने नीलामी के सारे अनुमान तोड़े



दिवंगत राजकुमारी डायना के हस्तलिखित पत्रों ने पूर्व बिक्री अनुमानों को तोड़ते हुए ब्रिटेन में हुई नीलामी में करीब 15,000 पाउंड हासिल किए हैं। इन पत्रों में डायना ने अपने बेटे विलियम और हैरी के बारे में लिखा था।

### ढाका कैफे हमले का मास्टरमाइंड मुठभेड़ में मारा गया




पिछले साल यहां एक लोकप्रिय कैफे में हुए आतंकी हमले के एक मास्टरमाइंड सहित दो इस्लामी आतंकी आज तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए। राजधानी के मोहम्मदपुर बेरिबाध क्षेत्र में आतंकवाद रोधी एवं सीमा पार अपराध रोधी इकाई ने नव-जमात-उल-मुजाहिदीन के वांछित नेता नूरल इस्लाम उर्फ मरजान और एक अन्य अज्ञात चमरपंथी को ढेर कर दिया।

### ओसामा के बेटे हमजा को 'वैश्विक आतंकवादी' घोषित किया

अमेरिका ने अलकायदा के मारे जा चुके कर्ताधर्ता ओसामा बिन लादेन के बेटे और इसी आतंकी संगठन के एक मुखिया हमजा बिन लादेन को आज 'वैश्विक आतंकवादी' घोषित कर दिया। इसके लगभग डेढ़ साल पहले अलकायदा प्रमुख अल जवाहिरी ने हमजा को समूह का आधिकारिक सदस्य घोषित किया था।

## फिर एक किसान ने पिया ज़हर

मध्य प्रदेश में किसानों की खुदकुशी के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं, अब खरगोन में एक किसान ने मौत को गले लगा लिया, इस बार ख़बर खरगोन से है जहां जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर उमरखली गांव में एक किसान दिनेश ने अपनी जान दे दी। दिनेश ने खेत में ही कीटनाशक दवाई पीकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने से पहले दिनेश ने अपने दोस्त को कर्ज के बारे में बताया था। दिनेश ने अपने दोस्त से परिवार का ध्यान रखने की भी गुजारिश की थी। दिनेश 20 एकड़ जमीन में पपीते की खेती करता था। लेकिन पिछले तीन सालों से पपीते की फ़सल बिगड़ने से दिनेश बुरी तरह से परेशान था। दिनेश पर करीब 19 लाख रुपये का कर्ज था। लगातार फ़सल ख़राब होने और पपीते के भाव में गिरावट ने दिनेश की कमर तोड़ दी। कुछ दिनों से दिनेश बेहद तनाव में था, दिनेश के चार बच्चे हैं।

## एक जनवरी से क्या-क्या बदला ?

**नई दिल्ली। नए साल में आपसे जुड़ी चार सेवाओं में क्या बड़े बदलाव हुए हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस नए साल से आपसे जुड़ी कौन सी चार चीज़ें बदल रही हैं। आपको बतातें हैं।**

### बदला इमरजेंसी नंबर

एक जनवरी से पूरे देश में इमरजेंसी सेवाओं का एक ही नंबर हो गया है। ये नंबर है 112, अब पुलिस, एंबुलेंस और फायर डिपार्टमेंट जैसी सेवाओं के लिये आपको सिर्फ 112 डायल करना होगा। जबकि पहले इसके लिए पुलिस के लिए 100, फ़ायर के लिए 101 और एंबुलेंस के लिए 102 नंबर था।

### एटीएम से निकालिए 4,500 रुपये

एक जनवरी से आप एटीएम से एक दिन में एक कार्ड पर 4,500 रुपये निकाल सकते हैं। पहले ये सीमा एक दिन में एक कार्ड पर 2,500 रुपये निर्धारित थी।

### सीबीएसई स्कूल होंगे कैशलेस

नए साल से एक और अच्छी बात होने जा रही है, एक जनवरी से सीबीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी स्कूल कैशलेस हो गए हैं। यानि इन स्कूलों में अब फीस ऑनलाइन जमा होगी।

### महंगी हुई टिकट

एक जनवरी से आईआरसीटीसी की वेबसाइट से टिकट बुक कराने पर सर्विस टैक्स फिर से लागू कर दिया गया है। हालांकि रेलवे ने एक जनवरी से खाली बर्थ के किराए में 10 फीसदी की छूट देने की शुरुआत कर दी है। खाली बर्थ पर किराए में ये छूट रिजर्वेशन चार्ट फाइनल होने के बाद ही दी जाएगी।

## 13 साल की नाबालिग ने हॉस्टल में दिया बच्चे को जन्म

13 साल की बच्ची ने गर्भावस्था के बाद एक बच्चे को जन्म दे दिया जिसके बाद से हड़कंप मचा हुआ है, जन्म के बाद ही शिशु की मौत हो गई पर इस पूरे मामले में हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही से इनकार नहीं किया जा सकता। मामला अलीराजपुर के उदयगढ़ के वन कन्या आश्रम का है जहां रह कर पढ़ाई करने वाली कक्षा 7 वीं की 13 साल की छात्रा ने एक शिशु को जन्म दिया। हॉस्टल अधीक्षिका की माने तो पिछले साल गर्मियों की छुट्टी के दौरान छात्रा के घर पर ही उसके पड़ोसी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे जिससे छात्रा गर्भवती हो गई थी। वन कन्या हॉस्टल में रहने वाली छात्रा के माँ बनने के मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। इस मामले में कांग्रेस ने हॉस्टल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## नर्क में जाने से बच गईं दो बच्चियां



आरोपी

**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस ने दो छोटी बच्चियों को नर्क में जाने से बचा लिया है, इन बच्चियों के साथ क्या होने वाला था, इस गैंग से पूछताछ में मिली जानकारी के बाद पुलिस ने राजस्थान के एक शख्स के पास से दो छोटी बच्चियों को छुड़ा लिया है। इन बच्चियों की उम्र तीन और चार साल है और अब पुलिस इन बच्चियों के परिवार वालों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### क्या है पूरा मामला?

**दरअसल जिस गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया था वो मासूम बच्चियों को उठा लेता था और फिर देह व्यापार के मकसद से उन्हें बेच दिया जाता था। पुलिस अब तक इस गैंग की निशानदेही पर 9 नाबालिग बच्चियों को छुड़ा चुकी है। पुलिस ने बच्चा चोर गैंग की सरगना लक्ष्मी, उसके दो बेटों और दो साथियों को दो जनवरी को गिरफ्तार किया था। उस दौरान गैंग की निशानदेही पर सात नाबालिग बच्चियों को छुड़ाया था। वहीं लक्ष्मी के बयानों के आधार पर पुलिस ने ग्वालियर के बदनापुरा इलाके में रहने वाली रोशन बाई के घर दबिश दी। जिसके बाद रोशन बाई ने बताया कि लक्ष्मी गैंग ने दो और बच्चियों को ग्वालियर रेलवे स्टेशन से चोरी किया था। रोशन बाई ने बताया कि दोनों बच्चियों को राजस्थान के एक शख्स को बेच दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने राजस्थान के धौलपुर जिले के ढीमरी गांव में रहने वाले सरनाम सिंह के घर छापा मारा और वहां से बच्चियों को छुड़ा लिया।**

## तैयार हो रहीं बीएसएफ की महिला जांबाज़



**दिल्ली।** ग्वालियर में बीएसएफ़ महिला जांबाज़ दस्ता तैयार हो रहा है, क्यों ख़ास है ये पहली बार है जब बीएसएफ की महिला जांबाज़ टीम तैयार हो रही है। महिला सैनिकों की ये टीम पुरुष जांबाज़ों की तरह ही बाइक्स पर स्टंट करेंगी। कड़ी मेहनत और कठोर अनुशासन के दम पर तैयार होने वाली इस टीम के कारनामे देखकर हर कोई हैरान हो रहा है। तैयारी पूरी होने के बाद जल्द ही इस महिला जांबाज़ दस्ते को आप खास मौकों पर अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए आप देख पाएंगे। आपने 26 जनवरी और दूसरे मौकों पर बीएसएफ़ के जिस जांबाज़ दस्ते को देखा है ये दस्ता भी ठीक उसी तरह से करतब दिखाएगा। बीएसएफ़ के पुरुष जांबाज़ दस्ते के सदस्य ही इन महिला सैनिकों को तैयार कर रहे हैं। ट्रेनिंग के दौरान जाने-पहचाने फूल पर भंवरे कॉम्बिनेशन जैसे करतबों की ट्रेनिंग ये दस्ता ले रहा है। इसके अलावा बाइक पर हाथ छोड़कर पिस्टल से निशाना साधना और दूसरे कॉम्बिनेशन की भी तैयारी कराई जा रही है।

## कोहरे की मार, दो हादसों में 16 घायल

ग्वालियर में कोहरे का क़हर जारी है, कोहरे की वजह से हुए दो सड़क हादसो में 16 लोग घायल हो गए हैं, दोनों हादसों में 16 से ज्यादा लोग घायल हो गए सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला हादसा हाइवे पर मेहगांव थाना इलाके में हुआ जिसमें ग्वालियर से भिंड की ओर जा रही यात्री बस की डंपर से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में करीब 10 लोग घायल हो गए। तो दूसरा हादसा भिंड-इटावा मार्ग पर कोतवाली थाना इलाके के प्रकाश होटल के सामने हुआ। दरअसल यहां दिल्ली से आ रही यात्री बस सड़क किनारे खड़े एक डंपर से भिड़ गई, इस हादसे में भी करीब 6 लोग घायल हो गए। लोगों का आरोप है कि फोन करने के बाद भी मौके पर पुलिस देरी से पहुंची।

### ट्रक ने मारी टक्कर, ढह गया रेलवे केबिन

अशोकनगर में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया, यहां माल से भरा हुआ एक ट्रक रेलवे केबिन से भिड़ गया, रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 17 पर बना रेलवे केबिन एक लोडेड ट्रक के टकराने से ढह गया। गनीमत ये रही कि इस हादसे में केबिन मैन और ट्रक ड्राइवर दोनों को ही किसी तरह की चोट नहीं आई। अच्छी बात ये भी रही कि जिस वक्त ये हादसा हुआ उस समय कोई ट्रेन वहां से नहीं गुजर रही थी। ट्रक ड्राइवर का कहना है की रेलवे क्रॉसिंग के पहले सड़क पर बने अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकरों के कारण ट्रक बेकाबू हो गया।

## वाह वाह! कबाड़ से जुगाड़ कर बना दी कार

**दिल्ली।** कहते हैं कि दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं है, जितेंद्र को बाइक और कारों से खूब लगाव है, कुछ अलग करने की सोची और दो महीनों में तैयार कर दी जुगाड़ की कार, आटोपार्ट्स की दुकान में काम करने वाले जितेंद्र जैन ने कबाड़ से कार में लगने वाले सभी पुर्जो को इकठ्ठा किया और कार बना दी। जितेंद्र मे अपनी कार में 150 सीसी का बजाज पल्सर बाइक का इंजन लगाया है। इतना ही नहीं गियर के लिए उन्होंने ऑटो के गियर बॉक्स का इस्तेमाल किया है। जितेंद्र इस जुगाड़ कार को बग्गी कहते हैं, जो आजकल सागर की सड़कों पर फर्राटे भरती है। जितेंद्र की बनाई कार ऑफ



लाइन व्हीकल है, जितेंद्र चाहते हैं कि उनकी कार को सरकार परमीशन दे क्योंकि इससे प्रदूषण कम होता है। जितेंद्र दावा करते हैं कि इससे वातावरण को नुकसान भी कम पहुंचता है। जितेंद्र जैन ने बीकॉम की पढ़ाई की है और ऑटो फील्ड से खास लगाव की वजह से ही दो महीने में ये कार बना कर तैयार कद दी है।

### शौक बड़ी चीज़ है



कोरबा के महबूब को पुरानी बाइक्स से मुहब्बत है, उनका शौक है विंटेज बाइक रखने का, लेकिन कोरबा में एक ऐसे शख्स हैं जिन्हें पुराने वाहनों को सहेज कर रखने का शौक है। कोरबा में रहने वाले महबूब खान के पास गुजरे जमाने की कई ऐसी बाइक हैं जो आजकल सड़कों पर नहीं दिखती हैं। इनमें से कई बाइक तो ऐसी हैं जो सिर्फ 70 के दशक की फिल्मों में ही नज़र आती हैं। महबूब खान ने सिर्फ वाहनों का कलेक्शन ही नहीं कर रखा बल्कि वो इन बाइक और कार की सवारी भी करते हैं। इनके सभी वाहन अच्छी हालत में हैं, इतना ही नहीं इन्हीं पुराने वाहनों पर सवार होकर वो झारखंड, ओडिशा और पंजाब तक का सफर कर चुके हैं। इस शौक के चलते महबूब आजकल खूब मशहूर हो रहे हैं। महबूब के पास जावा, येज़दी, विजय सुपर, सुजूकी सावलीन, हीरोपुक, जीटीएस राजदूत और बीएसएच बॉण्ड जैसी बाइकें हैं जिनका अपना एक ज़माना था। कुल मिलाकर महबूब के पास 14 मोटरसाइकिल हैं, इनके मेंटेंनेंस पर महबूब काफ़ी ध्यान देते हैं।

C M Y K